संख्या- 35 / 1101 / चार-2015-09(ते0वि0आ0)/12

प्रेषक,

राम विशाल मिश्र
विशेष सचिव
उत्तर प्रदेश शासन

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0
जवाहर भवन, लखनऊ।

संस्कृति अनुभाग: लखनऊ: दिनांक 24 मार्च, 2015

विषय:- तेंरहवे वित्त आयोग के अन्तर्गत ताज नेचर वाक क्षेत्र में विशेष प्रजातियों के वृक्षारोपण आदि हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृत दिये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर अवगत कराना है कि ताज नेचर वाक क्षेत्र में विशेष प्रजातियों के वृक्षारोपण आदि योजनान्तर्गत ताज नेचर वाक क्षेत्र में विशेष प्रजातियों के वृक्षारोपण तथा वन प्रभाग के बाईपुर प्रशिक्षण केन्द्र (सिकन्दरा) , बाईपुर, आगरा के निमार्ण कार्य हेतु कार्यदायी संस्था वन विभाग द्वारा धनराशि रू0 340.98 लाख का आगणन उपलब्ध कराया गया , जिसे प्रायोजना रचना एवं मूल्यांकन प्रभाग द्वारा मूल्यांकित करते हुए कार्य योजना की लागत धनराशि रू0 281.91 लाख निर्धारित की गयी । जबकि वन प्रभाग के बाईपुर प्रशिक्षण केन्द्र (सिकन्दरा), बाईपुर , आगरा के निर्माण कार्य हेतु कार्यदायी संस्था - उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ द्वारा धनराशि रू0 75.96 लाख का आगणन उपलब्ध कराया गया और इसका परीक्षण करते हुए प्रायोजना रचना एवं मूल्यांकन प्रभाग द्वारा धनराशि रू0 57.33 लाख मूल्यांकित की गयी।

3- इस प्रकार वन विभाग द्वारा प्रस्तावित कार्य योजना में भी वन प्रभाग के बाईपुर प्रशिक्षण केन्द्र (सिकन्दरा), बाईपुर आगरा के निर्माण कार्य तथा वन प्रभाग के बाईपुर प्रशिक्षण केन्द्र (सिकन्दरा), बाईपुर , आगरा के निर्माण कार्य हेतु कार्यदायी संस्था - उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ द्वारा प्रस्तुत निर्माण कार्य के आगणन का परीक्षण/मूल्यांकन दो बार हो गया । अत: ताज नेचर वाक क्षेत्र में विशेष प्रजातियों के वृक्षारोपण तथा बाईपुर प्रशिक्षण केन्द्र (सिकन्दरा) बाईपुर आगरा के निर्माण विषयक कार्य योजना के सापेक्ष शासनादेश संख्या- 469/चार-2013-09 (ते0वि0आ0)/2012, दिनांक 31 मार्च,2013 द्वारा कार्यदायी संस्था उ0प्र0 आवास विकास परिषद द्वारा गठित आगणन के सापेक्ष निर्माण कार्य की प्रायोजना रचना एवं मूल्यांकन प्रभाग द्वारा मूल्यांकित लागत धनराशि रू0 57.33 लाख के सापेक्ष धनराशि रू0 50.00 लाख की वित्तीय स्वीकृति निर्गत की गयी।

4- इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि कार्यदायी संस्था- वन विभाग द्वारा ताज नेचर वाक क्षेत्र में विशेष प्रजातियों के वृक्षारोपण आदि कार्य हेतु धनराशि रू0 183.31 लाख तथा कार्यदायी संस्था उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद द्वारा बाईपुर प्रशिक्षण केन्द्र निर्माण केन्द्र धनराशि रू0 57.33 लाख अर्थात कुल कार्य योजना की मूल्यांकित लागत धनराशि रू0 240.64 लाख निर्धारित की गयी है। अतएव प्रश्नगत परियोजना की मूल्यांकित लागत धनराशि रू0 240.64 लाख के सापेक्ष निर्माण कार्य हेतु अवशेष धनराशि रू0 7.33 लाख (रूपये सात लाख तैतिस हजार मात्र) तथा ताज नेचर वाक क्षेत्र में विशेष प्रजातियों के वृक्षारोपण आदि के लिए धनराशि रू0 67.67 लाख (रूपया सरसठ लाख सरसठ हजार मात्र) अर्थात कुल धनराशि

http://shasanadesh.up.nic.in

रू0 75.00 लाख (रूपये पचहत्तर लाख मात्र) की धनराशि व्यय किये जाने की वित्तीय स्वीकृति श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष प्रदान करते है।

5- अतएव प्रश्नगत परियोजनान्तर्गत निर्माण आदि कार्य विषयक शासनादेश संख्या- 469/चार-2013-09 (ते0वि0आ0)/2012, दिनांक 31 मार्च,2013 कार्य योजना की मूल्यांकित लागत धनराशि रू0 240.64 लाख की सीमा तक संशोधित होगी और उक्त सन्दर्भित शासनादेश दिनांक 31 मार्च,2013 में उल्लिखित शेष प्रतिबन्ध/शर्ते यथावत रहेगी।

6- उपर्युक्त पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2014-15 के अनुदान संख्या-92 के लेखाशीर्षक -4202 शिक्षा, खेलकूद कला तथा संस्कृति पर पूॅजीगत परिव्यय -आयोजनागत-04-कला तथा संस्कृति -106-संग्रहालय-04 तेरहवें वित्त आयोग की संस्तुतियों का क्रियान्वयन- 0401-ऐतिहासिक स्मारकों, पुरातत्वीय स्थलों , संग्रहालयों के प्रतिरक्षण एवं सरंक्षण तथा प्रमुख विरासत स्थलों को जोडने वाली सड़को को सुदृीकरण-24-वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

7- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-बी -1-2457/दस-2014-231/2014, दिनांक 22 जुलाई, 2014 में प्रशासकीय विभागों को प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(राम विशाल मिश्र)
विशेष सचिव।

संख्या - 35 / 1101 (1)/चार-2015 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- प्रधान महालेखाकार, (लेखा व हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- सचिव, वन विभाग, उ0प्र0 शासन।
3- प्रमुख वन संरक्षक, सामाजिक वानिकी, उ0प्र0 वन विभाग, लखनऊ।
4- वन संरक्षक, आगरा वृत्त , आगरा।
5- प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग आगरा।
6- वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय , उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ ।
7- निदेशक, ग्लोबल कान्स्ट्राक्शन एण्ड कन्सलटेन्सी सेल, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, नीलगिरी, काम्पलेक्स , इन्दिरा नगर, लखनऊ।
8- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
9- अधिशासी अभियन्ता एवं नोडल अधिकारी, ग्लोबल कान्स्ट्राक्शन एण्ड कन्सलटेन्सी सेल, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, नीलगिरी, काम्पलेक्स , इन्दिरा नगर, लखनऊ।
10- परियोजना प्रबन्धक निर्माण खण्ड-28 , उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, कमलानगर, आगरा।
11- वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-7/ वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/नियोजन अनुभाग-4
12- गार्ड फाइल।

आज्ञा से ,

(मणीन्द्र शर्मा)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in